भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1658**

जिसका उत्तर 05.12.2024 को दिया जाना है

**कर्नाटक राज्य में सड़क परियोजनाएं**

1658. श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोलः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक राज्य में चालू/लंबित सड़क परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य में सड़क परियोजनाओं के लिए आबंटित और व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सरकार का सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। कर्नाटक राज्य में 48958 करोड़ रुपये की लागत वाली 2514 किलोमीटर की कुल लंबाई की 99 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं चल रही/स्वीकृत की गई हैं। विगत पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर आवंटित निधि और व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| **वर्ष** | **आवंटित निधि (करोड़ रुपए में)** | **व्यय (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|
| 2019-20 | 7860 | 7860 |
| 2020-21 | 5838 | 5838 |
| 2021-22 | 7681 | 7681 |
| 2022-23 | 6763 | 6763 |
| 2023-24 | 12695 | 12695 |

*****